कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक / एफ–5 / 808 / 2017 / 10–11 / 2867 भोपाल, दिनांक 03-10-17

प्रेषकः–

सुनील अग्रवाल (भा.व.से.)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) एवं
नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980
मध्यप्रदेश, भोपाल।

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्र, मध्यप्रदेश, भोपाल।

विषयः– **छतरपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–86 सागर–छतरपुर मार्ग के चौड़ीकरण/उन्नयन हेतु 9.7975 हेक्टेयर वन भूमि कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, सागर को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / 6-MPC 014/2017-BHO/425 दिनांक 10.07.2017

----0----

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपने विषयांकित प्रकरण की प्रथम चरण सशर्त सैद्धांतिक स्वीकृति जारी की गई थी। आपके द्वारा स्वीकृति पत्र में उल्लेखित शर्त क्रमांक 3(b), 4, 5 एवं 6 का पालन प्रतिवेदन चाहा गया है, जो कि निम्नानुसार हैः–

1. शर्त क्रमांक 3(b) के पालन में प्रकरण में व्यपवर्तित होने वाली वन भूमि 9.7975 हेक्टेयर वनभूमि के बदले जिला छतरपुर की तहसील बकस्वाहा के ग्राम बेरखेड़ी में 9.824 हेक्टेयर गैर वन भूमि वन विभाग को हस्तांतरित/नामांतरित की जा चुकी है। कलेक्टर छतरपुर का आदेश/कब्जा रसीद/पंचनामा/पांच साला खसरा आदि की छायाप्रति संलग्न है। वर्तमान में उक्त गैर वन भूमि वन विभाग के अधिपत्य में है।

2. शर्त क्रमांक 4 के पालन में प्रकरण में वर्तमान मजदूरी दर पर गैर वन भूमि पर तैयार 10 वर्षीय (2017–18 से 2026–27 तक) वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की लागत राशि आवेदक संस्थान द्वारा रूपये 90,88,721/– कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में ऑन लाईन दिनांक 22.09.2017 को जमा की जा चुकी है। ऑन–लाईन जनरेटेट फार्म की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

3. शर्त क्रमांक 5 के पालन में नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि आवेदक संस्था द्वारा रु. 62,79,260/– कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में ऑन लाईन दिनांक 22.09.2017 को जमा की जा चुकी है। ऑन–लाईन जनरेटेट फार्म की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

4. शर्त क्रमांक 5(ब) के पालन में आवेदक संस्थान द्वारा वचनपत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

5. शर्त क्रमांक 6 के पालन में प्रकरण में प्राप्त वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना की राशि एवं नेट प्रजेंट वैल्यू की राशि एड–हॉक कैम्पा के अन्तर्गत कॉरपोरेशन बैंक, नई दिल्ली में ऑन लाईन आवेदक संस्थान द्वारा जमा की जा चुकी है। जिसका विवरण उपरोक्त शर्तों में उल्लेखित है। कृपया उपरोक्त जमा की गई समस्त राशि की पुष्टि करने का कष्ट करें। ऑन–लाईन जनरेटेट फार्म की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त शेष समस्त शर्तों का पालन करने हेतु आवेदक संस्थान वचनबद्ध है।

अतः उपरोक्तानुसार प्रथम चरण सैद्धांतिक स्वीकृति में अधिरोपित समस्त शर्तों का पालन पूर्ण हो गया है। कृपया विषयांतर्गत प्रकरण की अंतिम औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

भवदीय

3/10/17

(सुनील अग्रवाल)

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 808 / 2017 / 10–11 / 2868 भोपाल, दिनांक 03-10-17

प्रतिलिपिः—

1. श्री के.एस. आचार, विशेष कर्तव्य अधिकारी, एड–हॉक कैम्पा, चतुर्थ तल ब्लाक नम्बर–3 सी.जी.ओ. काम्पलेक्स, नई दिल्ली की ओर उपरोक्त राशि का विवरण संलग्न कर अनुरोध है कि प्रकरण में जमा की गई राशि की पुष्टि करने का कष्ट करें।
2. मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त छतरपुर, मध्यप्रदेश।
3. वन मण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, छतरपुर, मध्यप्रदेश।
4. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, सागर, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार (अनु.क्र. 1 हेतु)

3/10/17

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

**Proforma For Submission of Details Pertaining to Transfer of Funds Received From the User Agency in Ad-hoc CAMPA**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Regional Office | Bhopal |
| 2 | State/Distt/Forest Division to which the proposal relates | M.P./ Chhatarpur/ Chhatarpur (T) |
| 3 | Name of User Agency, nature of proposal | Executive Engineer, PWD N.H. Division SagarMP. |
| 4 | Extent of forest area involved | 9.7975 hac. |
| 5 | Whether original or extension | Original |
| 6 | If extension of lease, pl clarify if proposal involves additional forest area. | Fresh approval |
| 7 | Date of I[st] stage clearance | 10-07-2017 |
| 8 | Extent of CAMPA charges, head wise viz,:<br>a) Compensatory Afforestation:<br>b) Additional NPV<br>c) Penal CA<br>d) Catchment Area Treatment<br>e) Wildlife Management Plan<br>f) Additional Charges for diversion of area falling under notified/protected areas<br>g) Net Present Value<br>h) Any Other Charges Survey, Demarcation and Boundary Pillars | a) 90,88,721/-<br>b) N/A<br>c) N/A<br>d) N/A<br>e) N/A<br>f) N/A<br>g) 62,79,260/- |
| 9 | Details of Bank (Bank Draft No., Date & Amount), head-wise against items indicated in paragraph 8 above | |

| SN | Details of Bank Draft & Date | Head | Amount |
|---|---|---|---|
| NIL | | | |

-19-



<table>
<tr><td>10</td><td>Whether deposited by RTGS if so, the particulars & date of remittance</td><td>
<table>
<tr><th>SN</th><th>Head</th><th>Amount</th><th>UTR No.</th><th>Date</th></tr>
<tr><td>1</td><td>C.A.</td><td>90,88,721</td><td rowspan="2">Payment through e-portal, copy Attached</td><td rowspan="2">22.09.2017</td></tr>
<tr><td>2</td><td>N.P.V.</td><td>62,79,260</td></tr>
<tr><td></td><td>Total</td><td>1,53,67,981</td><td></td><td></td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>11</td><td>Bank (Corporation Bank, Lodhi Complex/ Union Bank of India, Sunder Nagar) in which deposited with date of deposition</td><td>
<table>
<tr><th>SN</th><th>Amount</th><th>Name of Bank</th><th>Transfer Date</th></tr>
<tr><td>1</td><td>1,53,67,981</td><td>Corporation Bank New Delhi</td><td>22.09.2017</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>12</td><td>Any other remarks</td><td>All the payment through e-portal, copy Attached</td></tr>
</table>

(Sunil Agrawal)
**APCCF (Land Management)**
**Madhya Pradesh, Bhopal**